Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to eradicate Japanese Encephalitis in Muzaffarpur and its adjoining districts in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): नियम 377 के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान बिहार के मुजफ्फरपुर में हर साल दिमागी बुखार (जापानी इन्सेफेलाइटिस) से बच्चों की हो रही मौत की तरफ दिलाना चाहती हूँ । इस वर्ष भी 120 से ज्यादा बच्चों की मौत 20 दिनों में हो चुकी है । हमारे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के हो रहे इलाज का मुआयना स्वयं बिहार जाकर किया है । इस बीमारी से प्रभावित मुजफ्फरपुर के स्थानों का भी दौरा किया है । यह बीमारी हर साल हो रही है । आवश्यकता इस बात की है कि इस पर व्यापक रिसर्च की जाए और आने वाले समय में केन्द्र सरकार द्वारा प्रयास किया जाए कि मुजफ्फरपुर के आसपास वाले जिलों में ऐसी बीमारी न पनपे । चिकित्सा विशेषज्ञों ने अध्ययन के बाद निष्कर्ष निकाला है कि बीमारी के बाद बच्चों में विकलांगता का खतरा भी बना रहता है । मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहती हूँ कि एम्स की टीम मुजफ्फरपुर के आसपास के जिलों में इस भयंकर बीमारी का गहरे स्तर पर अध्ययन कर रही है ।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि हर साल मुजफ्फरपुर के आसपास के जिलों में आने वाले समय में हो रही दिमागी बुखार जैसी बीमारी

पर नियंत्रण किया जाए और हमेशा-हमेशा के लिए इस भयंकर बीमारी को जड़ से समाप्त किया जाए । धन्यवाद ।

माननीय सभापति : आप बैठिए, आप तो बहुत वरिष्ठ हैं ।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी, केवल वही रिकॉर्ड में जाएगा, जो नियम-377 के अन्तर्गत है ।

… (व्यवधान) *

माननीय सभापति: डॉ. भारती प्रवीण पवार ।